**मा0 अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की अध्यक्षता में दिनांक 19—10—2023 की पॉचवी बैठक का कार्यवृत्त**

**बैठक मे निम्न सदस्यगण उपस्थित हुएः—**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री आशीष पटेल<br>मा0 अध्यक्ष महोदय, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज एवं<br>मा0 मंत्री जी, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश। | अध्यक्ष |
| 2 | श्री एम देवराज, आई0एस0एस0<br>मा0 उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज एवं प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। | उपाध्यक्ष |
| 3 | प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय<br>मा0 कुलपति<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्रा0 वि0 उ0प्र0 | सदस्य |
| 4 | श्री यशवंत सिंह<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर<br>प्रतिनिधि, प्रमुख सचिव,<br>वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 5 | श्री कन्हैया राम<br>निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, कानपुर। | सदस्य |
| 6 | डा0 राज कुमार सिंह<br>प्रोफेसर, मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग<br>दिल्ली कालेज आफ इंजीनियरिंग, दिल्ली। | सदस्य |
| 7 | प्रो0 गिरीश चन्द्रा<br>प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग, आई0ई0टी0, लखनऊ। | सदस्य |
| 8 | प्रो0 डी0सी0 दुबकारिया,<br>प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग,<br>बी0आई0ई0टी0, झांसी | सदस्य |
| 9 | डा0 बी0डी0के0 पात्रो,<br>विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग<br>राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज। | सदस्य |
| 10 | डा0 अरूण कुमार सिंह<br>विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग<br>राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज। | सदस्य |
| 11 | प्रो0 रचना अस्थाना<br>निदेशक, राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज | सदस्य सचिव |

सर्व प्रथम सदस्य सचिव एवं निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

05:01 **दिनांक 27 जुलाई, 2022 को सम्पन्न प्रशासकीय परिषद की चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की चतुर्थ बैठक दिनॉक 27–07–2022 को सम्पन्न हुई चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त पर माननीय सदस्यों से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। सूचना से अवगत होते हुये प्रशासकीय परिषद द्वारा कार्यवृत्त का पुष्टिकरण करते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया।

05:02 **प्रशासकीय परिषद की चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही।**

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 27–07–2022 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक मे लिये गये निर्णयों पर संस्थान द्वारा कृत कार्यवाही से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई।

मा0 मंत्री जी द्वारा निर्देश दिया गया कि राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज की प्रशासकीय परिषद की बैठक संस्थान के बायलॉज मे प्राविधानित व्यवस्थानुसार नियमित समयावधि में अवश्य आहूत की जाय।

05:03 **प्रशासकीय परिषद द्वारा कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, सूडा इकाई–1, कानपुर के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराने सम्बंधी पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय पर पुर्नविचार प्रस्ताव।**

पं0 दीन दयाल गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत स्वीकृतश्रेणी–दो के 04 आवासों व श्रेणी–तीन के 22 आवासों के निर्माण कार्य के प्रस्ताव पर औपचारिक अनुमोदन के लिये पत्रावली मा0 उपाध्यक्ष प्रशासकीय परिषद के माध्यम से तत्कालीन मा0 अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद को प्रस्तुत की गई थी। पत्रावली पर तत्कालीन अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्माण कार्य की समय–सीमा निर्धारण की मांग की गई थी। वर्तमान समय में कार्यदायी संस्था द्वारा श्रेणी–दो के 04 आवासो व श्रेणी–तीन के 22 आवासों का निर्माण कार्य रू0 429.32 लाख मे पूर्ण करा दिया गया है। श्रेणी–तीन के 22 आवासों की हैण्डओवर की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है। उक्त के अतिरिक्त श्रेणी–दो के 04 आवासों की निर्माण कार्य पूर्ण कराने के उपरान्त कार्यदायी संस्था द्वारा इन्वेन्ट्री भी संस्थान को उपलब्ध करा दी गई है।

उपरोक्त वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त पर औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया।

05:04 **संस्थान में स्थापित इनक्यूबेटर्स तथा इनोवेशन सेल''नवोत्थान स्टार्ट–अप फाउण्डेशन्''हेतु सेक्शन–8 कम्पनी बनाये जाने की सूचना से अवगत कराया जाना एवं उक्त पर कार्योत्तर अनुमोदन।**

उ0प्र0 स्टार्टअप नीति 2020 के तहत संस्थान के छात्रावास के आधे भाग में इनक्यूबेटर्स तथा इनोवेशन सेल–''नवोत्थान स्टार्ट–अप फाउण्डेशन्''की स्थापना संस्थान में की गई है। उक्त के सुचारू संचालन हेतु संस्थान द्वारा

10 इन्क्यूबेटर के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। वर्तमान में संस्थान में कुल 22 इन्क्यूवेटर पंजीकृत किये जा चुके हैं।
उ0 प्र0 शासन एवं डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में संस्थान में स्थापित इनक्यूबेटर्स तथा इनोवेशन सेल–**"नवोत्थान स्टार्ट–अप फाउण्डेशन"** का सेक्शन–8 कम्पनी (Licence under section 8 (1) of the Companies Act, 2013) में पंजीकरण **कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार** से कराये जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा उक्त पर मा0 परिषद द्वारा कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**05:05 डा0 बी0डी0के0 पात्रो, एसोसिएट प्रोफेसर,कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग को अपने शैक्षिक दायित्वों के साथ–साथ संस्थान के कुलसचिव के दायित्वों का निर्वहन नियमित नियुक्ति होने तक अतिरिक्त प्रभार दिये जाने की सूचना से परिषद को अवगत कराये जाने के संबंध में।**

संस्थान मे कुलसचिव के पद पर नियमित नियुक्ति होने तक अथवा अग्रिम आदेशों तक कुलसचिव के कार्यों के निस्तारण हेतु संस्थान में कार्यरत डा0 बी0डी0के0 पात्रो, एसोसिएट प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग को कार्यालय–ज्ञाप संख्या–362 / नि0का0 / रा0इ0का0 / कन्नौज / 2022–23 दिनांक 15 अक्टूबर, 2022 द्वारा अतिरिक्त कार्यभार के रूप मे उनके समस्त शैक्षिक दायित्वों के साथ–साथ संस्थान मे कुलसचिव के पद का दायित्व सौंपा गया है।
अतः प्रशासकीय परिषद द्वारा कुलसचिव के पद पर नियमित नियुक्ति होने अथवा अग्रिम आदेशों तक डा0 बी0डी0के0 पात्रो, एसोसिएट प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग को अतिरिक्त कार्यभार के रूप मे संस्थान मे कुलसचिव के पद पर अतिरिक्त प्रभार के रूप मे कार्य किये जाने की सूचना से परिषद अवगत हुई एवं उपरोक्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**05:06 संस्थान के वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त से परिषद को अवगत कराये जाने के सम्बन्ध मे।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की वित्त समिति की दिनांक 29–03–2022 को सम्पन्न चतुर्थ एवं दिनांक 27–03–2023 को पॉचवी बैठक सम्पन्न हुई थी। वित्त समिति की चतुर्थ एवं पॉचवी बैठक की अध्यक्ष, वित्त समिति से अनुमोदित कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराया गया।
उक्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा यह निर्देश दिये गये कि संस्थान में कोई भी कार्य एवं गतिविधि अनुमोदन के प्रत्याशा में प्रारम्भ न की जाए। वित्त समिति एवं प्रशासकीय परिषद अथवा सक्षम स्तर के अनुमोदन के उपरान्त ही कार्यवाही की जाये।

**05:07 संस्थान की भवन निर्माण समिति के बैठक की कार्यवृत्त से परिषद को अवगत कराये जाने के सम्बन्ध मे।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की भवन निर्माण समिति की दिनांक 04–06–2021 को चतुर्थ, दिनांक 24–06–2022 को पॉचवी एवं दिनांक 14–06–2023 को छठीं बैठक सम्पन्न हुई थी। संस्थान के भवन निर्माण समिति के चतुर्थ, पॉचवी एवं छठीं बैठक के कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराया गया।

उक्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा यह निर्देश दिये गये कि संस्थान में कोई भी निर्माण कार्य अनुमोदन की प्रत्याशा में प्रारम्भ न किये जाए। संस्थान मे निर्माण कार्य प्रशासकीय परिषद अथवा सक्षम स्तर के अनुमोदन/स्वीकृति के उपरान्त ही कराये जायें।

बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

(प्रो0 रचना अस्थाना)
निदेशक एवं सदस्य–सचिव
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज

(एम देवराज)
उपाध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज

(आशीष पटेल)
अध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज

संख्याः372/बी0ओ0जी0–05/रा0इ0का0/कन्नौज/2023–24 दिनांकः 04-1-2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज।
2. उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियिरंग कालेज, कन्नौज।
3. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
4. विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
5. कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. निदेशक, भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान, कानपुर।
7. निदेशक, एम0एन0एन0आई0टी0 इलाहाबाद, प्रयागराज।

8. डा0 राज कुमार सिंह, प्रोफेसर, मेकेनिकल इंजी0 विभाग, दिल्ली कालेज, आफ इंजीनियरिंग, बवाना रोड, शाहबाद दौलतपुर, दिल्ली।
9. डा0 डी0सी0 दुबकारिया, प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग, बी0आई0ई0टी0, झांसी
10. डा0 गिरीश चन्द्र, प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, आई0ई0टी0, लखनऊ।
11. निदेशक प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
12. अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर।
13. डा0 बी0डी0के0 पात्रो, विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, रा0इ0का0, कन्नौज।
14. डा0 अरूण कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग, रा0इ0का0, कन्नौज।

**(प्रो0 रचना अस्थाना)**
निदेशक एवं सदस्य–सचिव
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज